हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सामूहिक प्रयास हो
गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि दुनिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। पेज 14



शुक्रवार, 10 नवम्बर 2017, लखनऊ, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com
वर्ष 22, अंक 261, 26 पेज, मूल्य ₹ 3.00, मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, विक्रम सम्वत् 2074



# सर सीवी रमन की जयंती मनाई

**लखनऊ।** सर सीवी रमन के 130वें जन्मदिवस को स्कूल ऑफ मैंनेजमेंट साइंसेज के सीवी रमन अनुसंधान केंद्र द्वारा विज्ञान-दिवस के रूप मे मनाया गया। यह बताया गया कि रमन इफेक्ट का उपयोग आज पूरी दुनिया में हो रहा है। ऐसे वैज्ञानिक बनाने के लिए शोध को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए बच्चों को प्रेरित करना होगा।

संस्थान के महानिदेशक (तकनीकी) डा. भरत राज सिह बताया कि सर सीवी रमन को उनके वैज्ञानिक शोध पर वर्ष 1928 मे नोबेल पुरस्कार व वर्ष 1954 मे भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने संचार व चिकित्सा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण शोध किए।